RAJYA SABHA

Friday, the 29th April, 1994/9th Vaisakha, 1916(Saka)

The House met at eleven of the clock. MR. CHAIRMAN in the Chair.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

*[*The Questioner (Shri Ajit P. K. Jogi) was absent. For answer* vide *col.* 36 *infra.*]

बोकारो इस्पात कारखाने से इस्पात का चोरी-छिपे बाहर ले जाया जाना

*462. **श्री जनार्दन यादव** : क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 29 जनवरी, 1994 को "हिन्दुस्तान" के पटना संस्करण में प्रकाशित एक समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें यह बताया गया है कि 22 जनवरी को बोकारो इस्पात कारखाने के दुग्गल गेट से लाखों रुपये मूल्य का इस्पात अवैध ढंग से कारखाने से चोरी-छिपे बाहर ले जाते हुए एक ट्रक पकड़ लिया गया था,

(ख) क्या यह सच है कि उपर्युक्त ट्रक को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडेन्ट ने पकड़ा था तथा उन्होंने इस संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी थी, और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SONTOSH MOHAN DEV) : (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir. However, on the basis of information received, a truck (No. BHX-7836) loaded with scrap was detained by CISF on the evening of 27th January, 1994. After examination, it was found that the items in the truck were conforming to a sale order. It did not constitute a case of theft.

(c) Does not arise.

श्री जनार्दन यादव : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो उन्होंने उत्तर दिया है इस हाउस में वह तथ्यों के विपरीत है । मंत्री जी को इस हाउस में जवाब पूरी जानकारी के साथ देना चाहिए था । क्या यह बात सत्य नहीं है कि 27 तारीख को सुबह चार बजे दुग्गल गेट से ट्रक माल लेते हुए निकल रहा था ? क्या आपके प्लांट में रात्रि में ट्रक रहता है ?

दूसरा, आपने यह बताया कि वह माल चोरी का नहीं था, बिक्री का था। स्क्रेप बिक्री का था तो वह किसके साथ बिक्री की गयी थी, कितने टन स्क्रेप की बिक्री की गयी थी और कितने दिनों के अंदर इसको निकलना था ? बोकारो स्टील प्लांट के जो अफसर हैं लगातार इनकी सांठ गांठ से चोरियां होती हैं और कंसेज को रफा दफा किया जाता है । इसलिए मैं आपके माध्यम से जानना चाहूंगा...

(व्यवधान)

आप यह बताइए कि चार बजे भोर में वह ट्रक संयंत्र से निकल रहा था कि नहीं ? दूसरी बात, अगर वह चोरी का माल नहीं था तो किसने खरीदा था, कितने टन खरीदा, कितने दिनों के अंदर उसको निकलना था ? 27 तारीख के भोर में ही वह ट्रक क्यों निकल रहा था ?

SHRI SONTOSH MOHAN DEV : Sir, as I said, the CISF, who is in charge of the security of the plant, got information that this particular truck No. BHX-7836 was going out with certain material which was not actually sold to them. Rather, the material appeared to be stolen. As a result of this, the truck in question was intercepted at the gate. Since it was dark after 7.00 PM, the truck was taken to the parking bay and was kept there under security the whole night. Next day, in front of the security people, it was unloaded and completely checked and the challan and the goods so checked were found to be correct. The hon. Member has asked whether it is a fact that the truck was apprehended. The answer is, yes, on information, it was apprehended and on verification, the product which was supposed to be there in the truck, was found to be correct. It has been stated in the newspaper that the product found in the truck was stainless steel. I would like to

inform that the product was not stainless steel. A particular party was allotted 1500 tonnes and for lifting a certain quantity each time, he had to deposit money. In the present case, he gave the deposit for 500 tonnes of material and this was one of the last lifting of 500 tonnes. We are quite aware of this episode and we have ordered an enquiry. Apart from that, when some Members of Parliament also raised this question before us, we instituted a departmental enquiry which confirmed what the CISF has said and there was no theft case at all.

श्री जनार्दन यादव : मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि 1990 से अभी तक बोकारो स्टील प्लांट से समुन्नत इस्पात चोरी की गई है या नहीं ? क्या यह बात सत्य है कि बोकारो स्टील प्लांट के सरकारी पदाधिकारी पर चोरी के इलजाम सी. बी. आई. की इन्क्वायरी चल रही है ?

SHRI SONTOSH MOHAN DEV : Sir, this was one of the expected questions and I verified with SAIL/BSL this morning, no such inquiry is pending. But if you desire, I can check it up, but, of late, there was nothing. About the number of cases which the hon. Member asked, in 1990, 18 cases of theft were detected. The value was Rs. 34,975/- and the recovery was of a like amount. Every year, whatever the theft, there is recovery. But only in those cases which have been detected, there is recovery. There might be some which have not been detected ; I don't dispute that. There are certain cases which we have not been able to detect. Mr. Vijay Karan, the ex-Police Commissioner of Delhi has been given authority to go round the Steel Plants and suggest remedial measures. He has suggested certain things and we are implementing so that thefts are reduced to the minimum. So, in the cases detected, there are recoveries and there is no pointing giving that figure. The cases undetected are not known to me or anybody, but there are complaints, Sir, that thefts are taking place and we have tried to tighten the security measures so that in future they do not occur.

श्री जनार्दन यादव : सभापति महोदय, बोकारो स्टील प्लांट के कितने पदाधिकारियों पर सी. बी. आई. की इन्क्वायरी चल रही है यह मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता था ?

SHRI SONTOSH MOHAN DEV : Sir, I have already said that as far as my information about thefts goes, no such case is pending before the CBI, but this is my information for the last two or three years. If there is anything, the CBI takes a long time to investigate. I will check up and let him know.

हरिजनों की हत्याओं की घटनाओं में वृद्धि

*463. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में गत वर्षों में हरिजनों की हत्याओं, उनके घरों को जलाने तथा लूटने की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए सरकार ने कतिपय स्थानों की विशेष रूप से पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो देश में ऐसे स्थान राज्यवार कौन-कौन से हैं;

(ग) क्या सरकार ने इन स्थानों की पहचान के बाद इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कोई कार्य योजना बना कर राज्यों को भेजी है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI K. V.